Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 06-12-2021 | अंक 76

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# कोरोना के ओमिक्रोन वैरिएंट से बचाव का एक मात्र उपाय वैक्सीन है : डॉ कपिल मुनि

## वैक्सीनेशन के मामले में सबसे पिछड़ा पंचायत में भंडारो में टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन, डब्लूएचओ के अधिकारी भी हुए शामिल

**अपेम लाइव : बरही**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से प्रखंड के सभी 20 पंचायतों में टीकाकरण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। लेकिन मुस्लिम बाहुल्य भाण्डारो में अन्य पंचायत के अपेक्षा वैक्सीनेशन का प्रतिशत कम है। वैक्सीनेशन के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं वैक्सीनेशन की गति बढ़ाने के उद्देश्य से जिला की एक मेडिकल टीम आरसीएच पदाधिकारी डॉ कपिल मुनि के नेतृत्व में अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के साथ भंडारो पंचायत पहुंची। टीम में जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ कपिल मुनि, डब्लू एच ओ से डॉ दीपक कुमार, आफरीन, शाहबाज अख्तर, विनय कुमार सिन्हा के साथ जामा मस्जिद के चेयरमैन इरफान अहमद, नूरा मस्जिद के सचिव मकसिर आलम, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष अब्दुल कादिर एवं राज कुमार मुख्य रूप से शामिल थे। उपस्थित ग्रामीणों के साथ टीम के सदस्यों चर्चा कर यह जानने का प्रयास किया कि आखिर भाण्डारो के लोग वैक्सीन लेने से परहेज क्यों कर रहे हैं। इस पर कई ग्रामीणों ने वैक्सीन से रिलेटेड कई सवाल पूछे । जिसका टीम के सदस्यों ने विस्तार से जबाब देकर वैक्सीन को लेकर उपजी भ्रम की स्थिति को दूर किया। जिला टीकाकरण पदाधिकारी डॉ कपिल मुनि ने कहा कि कोरोना के कई वैरियंट सामने आ रहे है, जो काफी खतरनाक है। इससे बचने का एक मात्र उपाय वैक्सीन ही है। वैक्सीन लेकर न केवल अपना बल्कि अपने परिवार की सुरक्षा कर सकते है। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने ग्रामीणों का भ्रम दूर करते हुए कहा कि कोविड वैक्सीन 18 वर्ष से ऊपर हर कटेगरी के लोगों को लेना अनिवार्य है। चाहे वह डायबेटिक रोगी हो या हार्ट की रोगी हो। चाहे धात्री महिला हो या ग्रभवती महिला हो। जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा कि शुरू में कुछ भ्रांतियां थी, लेकिन अब लोग समझ गए हैं। अब सभी वैक्सीन लेंगे। संसाद प्रतिनिधि गणेश यादव ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीनेशन कार्य किया जा रहा है। इसमे और भी गति देने की जरूरत है। इरफान अहमद ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि कोरोना जात धर्म देखकर नही होता। हज़ारीबाग़ में मुस्लिम समुदाय के सभी लोग वैक्सीन ले रहे हैं। आप सभी लोगों को भी लेनी चाहिए। सभी ने आश्वस्त किया कि हमसब वैक्सीन लेंगे। डीएस ने वैक्सीनेशन के लिए आने वाला रविवार की तिथि निर्धारित कर दी। टीम के निर्देशन में इसी गांव में 100 से अधिक लोगो ने वैक्सीन लिया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि देवनंदन यादव, मुखिया सकलदेव यादव, जीप प्रतिनिधि मो कय्यूम, पप्पू खान, सराफत अली, मकसिर आलम, डॉ दीपक कुमार ने भी उपस्थित लोगों को कोविड वैक्सीन लेने के प्रति जागरूक किया। मौके पर मुखिया सकलदेव यादव, सराफत अली, मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, पप्पू खान, मो शहंशाह अंसारी, तैय्यब अंसारी, शमशेर आलम, मो कलाम, मो ताजुद्दीन एवं जिबरेल अंसारी मौजूद थे।



ग्रामीणों को वैक्सीन के प्रति जागरूक करते टीम के लोग

# भाजपा हज़ारीबाग जिला कार्यसमिति की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा

## झारखण्ड की हेमंत सरकार अपने वायदे से मुकर रही है : मनोज यादव

**अपेम लाइव : बरही**

भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक बरही नगर भवन के सभागार में हुई। बैठक की शुरुआत पं दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीपप्रज्वलन कर एवं वन्दे मातरम गीत गाकर की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने की । मंच संचालन जिला महामंत्री विवेकानंद सिंह व सुनील साहू ने किया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर सहित कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। मंचासीन अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर किया गया । बैठक के मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जे पी पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पहचान भाजपा से है। एकिकृत बिहार में सबसे ज्यादा सीटें भाजपा को छोटानागपुर प्रमंडल झारखंड से मिलती रही है ।श्री पटेल ने कहा कि राज्य सरकार झूठे वादे करके राज्य की खनिज व वन संपदा और केंद की मोदी सरकार से प्राप्त विकास योजनाओं की राशि की लूट मचा रखी है। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता तक हेमन्त सरकार नही दे पाई। बैठक के प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा ने संगठन और संपर्क तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि आज विश्व मे भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है इसका सारा श्रेय पार्टी के नीचे स्तर के देव तुल्य कार्यकर्ताओं का है। उन्होंने मातृ शक्ति पर प्रकाश डालते हुवे कहा कि आज राष्ट्र के विकास में मुख्य महिलाओं की भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया है वहीं बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि संगठन में नए लोगों के प्रवेश पर भी ध्यान देना चाहिए । उन्होंने कहा कि नए लोगों को जोड़ने के साथ पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। हेमंत सरकार अपने वायदों से मुकर रही है। जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने जिला कार्यसमिति की बैठक में विषय प्रवेश कराते हुए संगठन में कार्यकर्ताओं की भूमिका और समर्पण पर प्रकाश डाला । प्रारम्भ में जिलाध्यक्ष ने आगत अतिथियों में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,जिला कार्यसमिति सदस्य,जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष,मंडल पालक,मोर्चा जिलाध्यक्ष और मातृ शक्ति का अभिनदंन करते हुए स्वागत किया तथा कार्यसमिति में उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों का वृत लिया।कार्यसमिति को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सावर मल अग्रवाल, सुदेश चंद्रवंशी, उदयभान नारायण सिंह,भैय्या अभिमन्यु प्रसाद एवं अनिल मिश्रा ने भी अपने विचारों को रखा। धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया।




बैठक को संबोधित करते पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव



बैठक में शामिल भाजपाई

## न्युज ब्रीफ

### सूचना

बरही प्राइवेट आईटीआई में 12 दिसम्बर तक वैसे बच्चे जो फीटर में नामांकन करवाना चाहते है। वैसे बच्चो के लिए फिटर में भारी छूट है। मात्र 25000 में फीटर कम्पलीट कराया जा रहा है। वैसे बच्चे जो SC,ST,OBC के अन्तर्गत आते है। उन बच्चों को कल्याण विभाग की और से 18000 की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।

बरही प्रा. आई.टी.आई.
Reg. DGT-6/34/1/2017-TC
भारत सरकार के (NCVT) द्वारा मान्यता प्राप्त
● ST, SC, OBC के छात्र एवं छात्राओं को कल्यान विभाग के द्वारा छात्रवृति की सुविधा
● योग्य शिक्षकों के द्वारा पठन-पाठन की व्यवस्था
● बैंक, रेलवे एवं कम्पटीशन की तैयारी की व्यवस्था
ट्रेड- फीटर एवं इलेक्ट्रिशियन
SESSION 2021-2023
Hurry Up Seats are Limited
Admission Open
Contact: 8877775001 9431362225
पता- गया रोड बरही, नियर रेलवे ओवर ब्रीज

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**

रविवार शाम लगभग सात बजे हज़ारीबाग़ रोड में डुमरडीह निवासी सांची देवी उम्र 60 वर्ष पति बंगाली रविदास बोलेरो की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। आस पास के लोगो ने तुरंत उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**अपेम लाइव : बरही**

बरही गया रोड में स्थित टोल प्लाजा के समीप सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलो में नंदू कुमार उम्र 28 वर्ष पिता स्व सुखदेव राम पीपरा, सुबोध ठाकुर उम्र 37 वर्ष पिता मनोहर ठाकुर सिंघरावां के निवासी थे। दोनों घायलो को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।

### आपसी विवाद में हुई मारपीट में 9 लोग घायल

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत कोनरा पंचायत के बेराहिल में नाली का पानी बहाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें 9 लोग घायल हो गए। घायलों में मो मिनहाज, मो रियाज, आशमा खातून, सोबरा खातून, मो इजहार, मो इबरार, हज़रा खातून, नजमा खातून, हसीबुन खातून शामिल है। सभी का प्राथमिक उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। इस बाबत मो इजहार ने बरही थाना में आवेदन देकर कुल 27 लोगो पर मारपीट का आरोप लगाया है।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## रेन्बो स्कूल बरही में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई

### सदैव जाति- पाति से उठकर देश हित में कार्य करने का ले संकल्प : सिकंदर प्रसाद कुशवाहा

**अपेम लाइव : बरही**



बाबा साहब की पुण्य तिथि मनाते रेनबो स्कूल के निदेशक एवं अन्य

रेन्बो स्कूल बरही में बाबा साहेब डॉ०. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई। विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर डॉ०. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बाबा भीम. राव अंबेडकर के फ़ोटो पर माल्यार्पण किया गया तथा दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस दौरान उनके कृतित्व-व्यक्तित्व के बखान के साथ ही उनके पदचिह्नों का अनुसरण और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। रेन्बो स्कूल के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि बाबा साहेब ने सदैव जाति-पाति से उठकर देश हित में निर्णय लिया और सभी को जीने का समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता, भारत रत्न, विश्व विभूति डा. अंबेडकर केवल एक जाति वर्ग के नहीं बल्कि पूरे मानव जाति के लिए प्रेरणा श्रोत हैं। एक मनीषी, योद्धा, नायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व के धनी थे। वे अनन्य कोटि के नेता थे, जिन्होंने अपना समस्त जीवन समग्र भारत की कल्याण कामना में उत्सर्ग कर दिया। खासकर भारत के 80 फीसदी दलित सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त थे, उन्हें अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉ०. अंबेडकर का जीवन संकल्प था। निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने सभी बच्चों को सदैव जाति-पाति से उठकर देश हित में निर्णय लेने का उपद.ेश दिया। उपस्थित बच्चों ने उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान धीरज कुमार, रूपेश कुमार, आलोक कुंमार, एहसान, निशि कुंमारी, सिंधु कुंमारी, राहुल कुंमार, संदीप कुमार, विकास कुमार, रानी कुंमारी, काजल कुंमारी, सोनम कुंमारी, बिपिन कुमार, विवेक कुमार , प्रिंस कुमार आदि ने बारी बारी से डा० भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर शिक्षको में गौरीशंकर, शुभम कुमार, राहुल सिंह, प्रवीण कुमार, खुशबू सिंह, पवन कुमार, स्वेता कुमारी, रिफ्फत, रिंकी कुमारी, रानो कुमारी, सरिता कुमारी, सुधा कुमारी, महेंद्र प्रसाद, उषा कुमारी, सरिता कुंमारी, पूजा कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## विहिप की बैठक में शौर्य दिवस पर चर्चा, 12 दिसम्बर को आयोजित कार्यक्रम में 1000 रामभक्त लेंगे भाग

**अपेम लाइव : बरही**




पूर्व प्रधानाध्यापक भामाशाह अरूण चौधरी को सम्मानित करते विहिप के लोग



बैठक में शामिल पिहिप के लोग

विश्व हिन्दू परिषद की बैठक बेन्दगी आश्रम में नंदकिशोर कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई । कार्यक्रम का उद्घाटन भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर गुरुदेव गुप्ता जिला सह मंत्री , नंदकिशोर गुप्ता , नितेश कुमार बज. रंगदल सह संयोजक, कैलाश ठाकुर प्रखंड मंत्री ने संयुक्त रूप से किया। गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि शौर्य दिवस के अवसर पर 12 दिसम्बर को हजारीबाग जिला केंद्र में शौर्य संचलन निकाला जाएगा । उक्त संचलन में बरही प्रखंड से 1000 राम भक्त भाग लेंगे । बैठक के द्वितीय सत्र में 06 दिसम्बर के अवसर पर कार सेवक कृष्णा केसरी जी के द्वारा 06 दिसंबर 1992 की घटना का वर्णन किया गया। तत्पश्चात भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि 6 दिसंबर 1992 को भारत पर लगा 500 वर्षो का कलंक धाराशाही हुआ था तथा राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण का रास्ता प्रशस्त हुआ। आज का दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। श्री राम जन्म भूमि हेतु 1528 से लेकर 1992 तक 3.45 हजार हिंदुओं ने अपना बलिदान दिया। आज का दिन इतिहास के पन्ने में शौर्य दिवस के रूप में अंकित है। बैठक के तृतीय सत्र में भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी जी का स्थानांतरण सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार में हुआ है। उक्त अवसर पर उनका विदाई समारोह का आयोजन किया गया। श्री गुरुदेव कुमार गुप्ता नंदकिशोर गुप्ता, कैलाश ठाकुर आदि ने अंग वस्त्र प्रदान किया तथा प्रो राम पदारथ शर्मा ने उनके सम्मान में कविता के माध्यम से उनका चरित्र चित्रण किया। गुरुदेव कुमार गुप्ता ने कहा कि एक कुशल संगठन कर्ता के रूप में उनकी पहचान थी। संघ के परिवार के विस्.तार में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उक्त अवसर पर दशरथ यादव, राजेंद्र साव, चंदन केसरी, मुन्ना सोनी, प्रदीप कुमार कुशवाहा, सुनील प्रसाद कुशवाहा, मनोज कुमार, सागर कुमार, शंकर कुमार, दिलीप यादव, अंकित कुमार मिथिलेश श्रीवास्तव संजय राणा आदि उपस्थित थे।

## दीपक समेत तीन युवकों की हत्या का मामला

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने हज़ारीबाग़ एसपी से माँगा जवाब

### हज़ारीबाग़ के कोर्रा थाना में दर्ज है कांड संख्या 178/2019

**अपेम लाइव : बरही**



दीपक कुमार( फाइल फोटो

हज़ारीबाग़ के बहुचर्चित दीपक हत्याकांड में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने हज़ारीबाग़ एसपी से जवाब तलब किया है। मृतक दीपक कुशवाहा के पिता और बरही के धनवार पंचायत के पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से केस संख्या 749/34/11/2020 के माध्यम से शिकायत की थी। यह शिकायत आयोग से 30.07.2020 को की गयी थी। जिसके बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 07.08.2020 को शिकायत पर संज्ञान लिया और हज़ारीबाग़ एसपी से इस मामले पर चार सप्ताह में रिपोर्ट माँगा। लेकिन हज़ारीबाग़ एसपी ने इस विषय पर आयोग को कोई रिपोर्ट नहीं सौंपा। इसके बाद पुनः दिनांक 17/09/2021 को आयोग ने इस शिकायत का रिमाइंडर हज़ारीबाग़ एसपी को भेजा और छः सप्ताह के भीतर एसपी से जवाब माँगा। इसके बाद भी हज़ारीबाग़ एसपी ने कोई जवाब नहीं दिया। मृतक के पिता राजेंद्र प्रसाद लगातार इस मामले को लेकर आला अधिकारियों से मिलते रहे लेकिन कहीं भी इनकी आवाज़ नहीं सुनी गयी।

कोर्रा थाना ने अदालत को किया गुमराह, आरटीआई में दिया ग़लत जवाब

इस मामले को लेकर कोर्रा थाना ने अब तक कोई कारवाई नहीं की। मृतक के पिता राजेंद्र प्रसाद ने कई बार थाना से अनुसंधान के बारे में जानकारी हासिल करने की कोशिश की लेकिन उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी। अंततः उन्होंने आरटीआइ के माध्यम से दिनांक 17.08.2020 को हज़ारीबाग़ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जानकारी माँगी। हज़ारीबाग़ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के विधि कोषांग के ज्ञापांक संख्या 1126 दिनांक 26.08.2020 के माध्यम से कोर्रा थाना प्रभारी को आवेदक राजेंद्र प्रसाद को जानकारी उपल.ब्ध कराने को कहा गया। कोर्रा थाना ने इस संदर्भ में आवेदक को जो जानकारी दी उसमें लिखा है की कांड संख्या 178/2019 दिनांक 20.10.2019 के मामले में अंतिम प्रतिवेदन संख्या 160/2020 दिनांक 10.09.2020 न्यायालय में समर्पित किया गया है। न्यायालय से इस संदर्भ में जानकारी हासिल की जा सकती है। जब आवेदक राजेंद्र प्रसाद ने न्यायालय से जानकारी हासिल की बक़ायदा केस की प्रमाणित प्रति न्यायालय से हासिल किया तो उसमें लिखा है की अदालत में इस इस संदर्भ में प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है।

**ट्वीट पर सीएम ने लिया था संज्ञान, नहीं हुई कारवाई**

इस मामले को लेकर पीड़ित पिता ने सीएम को ट्वीट किया था. सीएम हेमंत सोरेन ने दिनांक 13.02.2020 को ट्वीट पर संज्ञान लेते हुए हज़ारीबाग़ पुलिस को कारवाई करते हुए सूचित करने को कहा. 28.07.2020 को झारखंड पुलिस ने भी हज़ारीबाग़ पुलिस को ट्वीट्टर पर कारवाई करने का आदेश दिया। 27.08.2020 को झारखंड पुलिस ने ट्वीटर पर उत्तरी छोटानागपुर के डीआइजी को मामले पर संज्ञान लेकर सूचित करने को कहा. 28.06.2020 को झारखंड पुलिस ने हज़ारीबाग़ पुलिस को ट्वीटर पर कारवाई कर सूचित करने को कहा। इस ट्वीट पर हज़ारीबाग़ पुलिस ने जवाब दिया की इस मामले पर कारवाई की जा रही है। लेकिन आज तक कोई कारवाई नहीं की गयी। पीड़ित पिता ने इस मामले को लेकर डीएसपी सदर अनुमंडल हज़ारीबाग, एसपी हज़ारीबाग, डीआ. ईजी उत्तरी छोटानागपुर, डीजीपी झारखंड, सीएम, सीएमओ, जनसंवाद, पीएमओ को आवेदन लिखा लेकिन कहीं से कोई कार्रवाई नहीं हुई. पीड़ित पिता ने पुनः एक बार न्याय की गुहार लगाई है।

**क्या है पूरा मामला**

हज़ारीबाग़ में 20 अक्टूबर 2019 की रात तीन बाइक सवार युवकों की मौत हो गयी थी। यह घटना हज़ारीबाग़ शहर के नीलांबर - पीतांबर चौक से थोड़ी दूर पर अस्सी होम के बाहर हुई थी जिसे मृतक युवकों के परिजनों द्वारा हत्या बताया गया। इस घटना में दीपक कुशवाहा के अलावा अटका बगोदर के राज.कुमार मंडल एवं बिहार नवादा के कुंदन कुमार की मौत हो गयी थी जिसे पुलिस ने बाइक से हुई दुर्घटना करार दिया था।

**क्या कहते हैं राजेंद्र प्रसाद**

पीड़ित राजेंद्र प्रसाद कहते हैं की दो साल से ज़्यादा वक्त बीत चुका है लेकिन अब तक कोई कारवाई नहीं हुई है। यह सुनियोजित हत्या का मामला है। हज़ारीबाग़ एसपी एवं डीआइजी से मिलकर पूरी बात रख चुका हूँ। डीजीपी से भी मिला। सभी आला अधिकारियों को पत्र लिखकर तथ्य उपलब्ध करा चुका हूँ। अब तक कहीं से कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। आख़िर आम आदमी न्याय के लिए कहाँ जाए? मैंने अपना एकलौता पुत्र खोया है। .प्रशासन के लोग इस दर्द को भी नहीं समझ पा रहे हैं।

## भीम आर्मी भारत एकता बरही द्वारा बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर का 65 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**अपेम लाइव : बरही**



बाबा साहब की पुण्य तिथि मनाते भीम आर्मी के लोग

भीम आर्मी भारत एकता बरही प्रखण्ड के द्वारा बरही कार्यालय में विश्व रत्न बाबा साहब डॉ० भीम राव अम्बेडकर का 65 वीं पुण्यतिथि मनाया गया। बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। साथ ही संविधान निर्मता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी के जीवन पर पकाश डाला गया। भीम आर्मी भारत एकता मिशन बरही प्रखण्ड अध्यक्ष सुरज दास ने कहा कि आज विश्व रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी कि पुण्यतिथि पर हम सभी को संकल्पित हो कर बाबा साहब के दिए हुए भरतीय संविधान को बचाने के लिए एकजुट होकर भीम आर्मी से जुड़कर बाबा साहब के सपनों को साकार करने की जरूरत है। आज भारत के राजनीतिक माहौल इतना दूषित हो गया है कि हर रोज संविधान बदलने की षड्यंत्र रची जा रही हैं। हम बहुजनों को एकमत होकर संघर्ष करने की जरूरत है। संविधान है तो हम सुरक्षित हैं। प्रखड सचिव रिजवान अली ने कहा कि विश्वरत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर हम सब के भाग्यविधाता है जिन्होंने हम भारत वासियों को स्वतंत्र भारत में स्वतंत्र होकर जीने का अधिकार दिया। इनके पुण्यतिथि पर शत शत नमन करते हुए एवं इनके द्वारा दिए गए मूलमंत्र शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो जिसे अपनाने की जरूरत है। पुण्यतिथि के मौक़े पर भीम आर्मी बरही प्रखंड अध्यक्ष सुरज दास, सचिव रिजवान अली, मीडिया प्रभारी मो मेराज अंसारी, महासचिव अमित पासवान उर्फ गोल्डी, उपाध्यक्ष मनोज रविदास, जिला प्रमुख माहसचिव राहुल अम्बेडकर, बरही पूर्वी पंचायत अध्यक्ष अनुज रविदास, बरसोत से योगेश कुमार, संतोष कुमार दास, उमेश दास, भुनेश्वर दास, शफ़ी अहमद, लखन दास सहित अन्य लोग शामिल हुए।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

**हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य**

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में हीं स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## चंदवारा पूर्वी पैक्स लिमिटेड के निर्विरोध अध्यक्ष बने विजय कुमार मोदी




अध्यक्ष पद के लिये नामांकन करते निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष विजय कुमार मोदी

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**

चंदवारा पूर्वी पैक्स लिमिटेड के निर्विरोध अध्यक्ष बने विजय कुमार मोदी। सोमवार को चंदवारा पश्चिमी पंचायत सचिव सचिवालय में अध्यक्ष एवं कार्यकारी सदस्यों के लिए नामांकन की प्रक्रिया हेतु तिथि निर्धारित की गई थी। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु सिर्फ निवर्तमान अध्यक्ष विजय कुमार मोदी ने नामांकन कर पुनः निर्विरोध अध्यक्ष पद पर कब्जा किया। उन्हें निर्धारित तिथि 15 सि. सम्बर को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इसके पूर्व निर्वाचन पदाधिकारी सुरेंद्र यादव ने निर्वाचन प्रक्रिया अपना कर नामांकन करवाया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में इंद्रदेव दास, बालगोविंद स्वर्णकार, मोहम्मद सफीक, नंदकिशोर स्वर्णकार, द्वारिका कुमार यादव, किरण राणा, सरिता मोदी, ललिता देवी, सुनीता देवी, सिकंदर राणा ने नामांकन कराया। मौके पर चंदवारा पश्चिमी पैक्स अध्यक्ष विनोद राम सहित कई लोग मौजूद थे। इधर ग्रामीण मनोज कुमार दास ने विभाग पर लोगों को समुचित जानकारी नहीं देने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुनः नामांकन प्रक्रिया अपनाने की मांग किया है।

## हरिनो में मुखिया ने किया सोना सोबरण धोती - साडी - लूंगी वितरण



**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**

प्रखंड के पत्थलगड़ा पंचायत अंतर्गत हरिनो गांव में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार त्रिवेणी रवानी के दुकान में सोना सोबरण धोती- साडी- लूंगी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुखिया जयनारायण रजक ने मौजूद लाभुकों के बीच धोती, साड़ी व लूंगी का वितरण करते हुए कहा कि सोना-सोबरन योजना सरकार के बहुत ही महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। मौके पर डीलर त्रिवेणी रवानी, संजय कुमार रवानी सहित कई लोग मौजूद थे।

आज का पत्र्चाङ्ग----
आज का अंग्रेजी दिनांकरू---07.12.2021
शुभसंवत् ---2078(आनंद)
शके---1943
याम्यायन याम्यगोलरू
ऋतु---हेमन्त
माहरू---मार्गशीर्ष
पक्ष---शुक्ल पक्ष
तिथिरू---तृतीया तिथि प्रातः 06:53 मिनट तक उपरांत चतुर्थी तिथि
दिनरू---मंगलवार
नक्षत्ररू---पू.षा. नक्षत्र प्रातः 06:54 तक उपरांत उ.षा. नक्षत्र
यो---वृद्धि
करण---गर
सूर्योदय ---प्रातः 06ॅ45
सूर्यास्त संध्या 05:15
सूर्य ---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा ---धनु राशि में दी 12:33 मिनट तक उपरांत मकर राशि में
आज का राहूकाल दिनरू---03ॅ:00 बजे से दिन--04:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त---दोपहर 11रू36 से 12:24 तक
(नोटरू---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

## विष्णुगढ़ में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ**
**मिथलेश वर्मन**



मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करते

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूनार्मेट के प्रखंडस्तरीय मैच का उद्‌घाटन सोमवार को विष्णुगढ़ प्लस टू उवि के मैदान में किया गया। बीडीओ संजय कोंगाड़ी, प्रमुख अशोक गुप्ता, बीडइओ तरूण कुमार, विधायक प्रति. निधि गुरू प्रसाद साव ने फीता काटकर एवं फुटब०ल में कीक लगाकर टूर्नामेंट का उद्‌घाटन किया। टूर्नामेंट के पहले दिन छह मैच हुए। जिसमें पहला मैच मड़मो बनाम करगालो की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में मड़मो की टीम 2-0 से विजेता रही। दूसरा मैच खरकी बनाम बकसपुरा की टीमों के बीच हुआ। जिसमें खरकी की टीम 2-0 से विजयी रही। तीसरा मैच सिरैय बनाम गैड़ा की टीमों के बीच हुआ। जिसमें पेनाल्टी शूटआउट से फैसला हुआ। सिरैय की टीम 3-2 से विजेता रही। टूर्नामेंट का चौथा मैच नरकी बनाम खरना के बीच हुआ। इसमें भी मैच बराबरी पर रहने पर पेनाल्टी शूटआउट से खरना की टीम 3-0 से विजयी रही। पाचवां मैच नागी बनाम सारूकुदर टीम के बीच हुआ। जिसमें सारूकुदर 1-0 से विजेता बनी। अंतिम मैच गाल्होबार बनाम अचलजामो की टीमों के बीच हुआ। जिसमें गाल्होबार की टीम 1-0 से जीती। नॉकआउट टूनामेंट में मंगलवार को भी 12 पंचायतों के बीच छह मैच कराए जाएंगे। इसके बाद 8-9 नवंबर को विजेता टीमों के बीच प्री क्वाटर फाइनल, तथा 10 नवंबर को सेमीफा. इनल तथा फाइनल मुकाबला होगा। प्रखंड स्तर पर विजेता टीम को जिलास्तर पर चयनित टीम के बीच खेलने का मौका मिलेगा। मौके पर खुबलाल भारती, बिनोद कुमार, प्रतिभा विकास मंच केन्द्रीय अध्यक्ष महेन्द्र कुमार, बीपीएम कुणाल कुमार, चिंतामणि प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

## चौपारण के 145 विद्यालयों में प्रबंधन समिति का हुवा पुर्नगठन




**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी हजारीबाग के निर्देशानुसार चौपारण प्रखण्ड के 157 विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। बहेरा पंचायत में जनता दरबार कार्यक्रम आयोजन की वजह से पंचयता के सभी विद्यालयों में व मध्य विद्यालय हरिजनकरमा में आज पुनर्गठन का कार्य किया जाएगा। वही मध्य विद्यालय चौ. थी, केदलीकलां, नव प्रा. थमिक विद्यालय गंगाआहार, करंजुवा, सोनपुरा, अम्बातरी, प्रा. थमिक विद्यालय जोकट में अविभावकों के नही पहुँचने के वजह से चुनाव नही जो सका। वही मध्य विद्यालय भूषणडीह में अध्यक्ष पद चुनाव का विरोश करते हुए कुछ ग्रामीणों ने बीडीओ चौपारण को लिखित शिकायत दिया जिस बीडीओ ने संज्ञान लेते हुए तत्काल चुनाव रद्द करने का आदेश दिया। इस संदर्भ में बीईईओ रीना कुमारी ने जानकारी दिया कि सभी विद्यालयों में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था वही सभी सीआरपी को अपने अपने संकुलाधिन विद्यालयों में मोनेटरिंग की जवाबदेही सौपा गया था। बताया कि 145 विद्यालयों में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न हुवा और नए अध्यक्षों ने अपनी जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयारी कर लिया है।



संदीप शर्मा

आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासरू---आज हनुमान चालीसा का सात पाठ करने से भय से संबंधित समस्या समाप्त होता है।

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंड़ली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## अवैध कोयला कारोबार में एक दर्जन आरोपियों पर केस

**अपेम लाइवः बिष्णुगढ**
**मिथलेश वर्मन**

विष्णुगढ़ में अवैध कोयला कारोबार में एक दर्जन लोगों के विरूद्ध केस दर्ज कर आरोपी बनाया गया है। आरोपियों द्वारा डंप कर रखे गए 70 बोरियों में बंद करीब दो टन अवैध स्टीम कोयला जब्त किया गया है। आरोपियों में रामचंद्र साहू, युगल महतो, हरि साहु, हो. रिल महतो, श्यामदेव, रंजीत पांडेय, शंकर मंडल, छोटी नायक, निर्मल महतो, डुगलाल महतो, विनोद शामिल हैं। सभी आरोपी गिरिडीह जिला के बगोदर थाना अंतर्गत खेतको के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने बताया कि एसपी द्वारा दी गई गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। जिसमें मड़मो पुल के पास स्थित जंगल में तस्करों द्वारा बोक. ारो जिला के प्रतिबंधित वन क्षेत्र से कोयले को उत्खनित कर बेचने के उद्देश्य से छिपाकर रखा हुआ पाया गया। अवैध कोयले को जब्त कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## बाँस हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुखिया संघ अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

### 4 करोड़ की लागत से लगेगा बांस उद्योग,आजीविका का बनेगा मुख्य स्रोत : राजदेव यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



बांस से जुड़े उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुखिया संघ अध्यक्ष रा. जदेव यादव द्वारा एक अनूठा प्रयास किया गया। मुखिया संघ अध्यक्ष के प्रयास से छोटानागपुर क०पर डेवलपमेंट सोसा. इटी, राँची के द्वारा पंचायत के करमा ग्राम संसद भवन में अनुसूचित जाति बांस हस्तशिल्पकारो के विकास हेतु 30 दिवसीय विशेष बाँस हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन मुखिया सह प्रधान राजदेव यादव ने किया। इस सम्बंध में मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव ने बताया कि प्रशिक्षण में बांस बने उत्पाद टोकरी , सूप के अलावे बांस की बोतल, बांस के कप प्लेट , चम्मच, पलंग , डिनर टेबल, बांस का सोफा फ्रेम, काटा थाली, स्ट्र० सहित अन्य उत्पादों के निर्माण के लिए प्रशिक्षण दी जाएगी। प्रशिक्षण 30 दिवसीय है जो 4 जनवरी 2022 तक पहले बैच का चलेगा। ट्रेनिंग लेने वालों को सोसाइटी की तरफ प्रतिदिन 150 रुपया और नास्ता भी दी जाएगी। प्रशिक्षण उपरांत उन्हें रोजगार भी मुहैया करवाया जाएगा।प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में करमा, सियरकोनी , जगदीशपुर,पडरिया,मूर्तिया के 30 महिला - पुरुष शामिल हैं। वहीं उन्होंने कहा कि अगले कुछ माह में 4 करोड़ की लागत से बांस से बने उत्पाद के लिए प्रखण्ड के करमा या जगदीशपुर पंचायत के बीच हाइवे में उद्योग भी लगाई जाएगी। जिसमें 10 : लाभुक और 90 : केंद्र सरकार राशि मुहैया करवाएगी। आगे कहा कि बांस के उद्योग लगने से क्षेत्र का डेवलपमेंट तो होगा ही साथ ही कई लोगों के आजीविका का भी मुख्य श्रोत बनेगा। प्रशिक्षण सिमडेगा के ट्रेनर द्वारा दी जा रही है।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार
सहयोगीः सोनू पंडित,
एडिटिंग- धनंजय कुमार
मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## कान्हाचट्टी के पत्रकार प्रमोद ने दिया ईमानदारी का परिचय

### रविवार को कान्हाचट्टी साप्ताहिक हाट में महिला का खोया बैग को किया सुपुर्द

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**


महिला को उसका खोया बैग को सौपते पत्रकार प्रमोद

मानवता और ईमादारी आज भी जिंदा है।आज भी लोग मानवता को भूल नहीं है।जिसका जीता जागता उदाहरण हैं कन्हाचट्टी के पत्रकार प्रमोद कुमार सिं. ह।सिंह उस समय ईमानदारी का उदारण प्रस्तुत किए जब कान्हाचट्टी में रविवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार में एक महिला का पर्स खो गया। था और उस पर्श पर रा. जपुर थाना के मुंसी राजेश शर्मा,दीपेंद्र रवि एवं पत्रकार प्रमोद कुमार सिंह का नजर पड़ा।पर्श में चार हजार रुपये नगद,तीन आधार कार्ड एव ए टी एम तथा अन्य समान सामिल था को अपने अंदर लेकर शोशल मीडिया में चलाने के बाद पता चला कि पर्स इट्खोरी प्रखण्ड थाना क्षेत्र के कोनी जबेर के बगल गांव दहरभंगा के राजेश साव की पत्नी प्रियंका कुमारी का एवं उसके बच्चो का था।पत्रकार प्रमोद ने उस पर्स को महिला को सुपुर्द कर एक उदाहरण ईमानदारी का प्रस्तुत कर एक नया मिसाल कायम किये। पत्रकार प्रमोद ने कहा कि मुझे उस समय सुकून मिला जब एक महिला का बैंग खो गया था और महिला तब बेचौन हो गई थी।जब उसका बैग जिसमे चार हजार नगद,ए टी एम कार्ड एवं आधार तथा अन्य कागजात खो गया था।और वह बैग मुझे कान्हाचट्टी बाजार में मिला तो मैंने व्हाट्सऐप एवं फेसबुक पर पोस्ट किया जिसके बाद पता चला कि जिनका बैग था उनका नाम प्रियंका कुमारी इटखोरी प्रखण्ड के कोनी जबेर के बगल दहरभंगा गांव के रा. जेश साव (पिंटू साव) का था। जब तक मैं महिला को उसका बैग सुपुर्द नहीं किया मैं भी बेचौन था,लेकिन महिला को शाम को साढ़े सात बजे उसका बैग सुपुर्द किया।महिला का मायका पेलतौल खुर्द में है .महिला बोधी साव का पुत्री है। पत्रकार केवल न्यूज के संकलन नहीं बल्कि समाज को गढ़ने का भी कार्य करता है।

## बिरनी बलिया दलित टोला में मनाया गया डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि

**अपेम लाइव : बिरनी**
**( गिरीडीह)**
**सब्बा अहमद**


1 मिनट मोन रखते

बिरनी थाना क्षेत्र के बलिया पंचायत के बलिया रविदास टोला मे सोमवार को संविधान रचयिता डо भीम. राव अंबेडकर की पुण्यतिथि के मौके पर श्रद्धाजंली सभा का आयोजन किया गया।वही वक्ताओं ने कहा कि आज हम सभी डо भीमराव आंबेडकर के संविधान के तले जी रहे हैं, लेकिन आज के कुछ लोग जिनका सरकार देश मे हैं उनके गुंडों द्वारा संविधान की प्रतियों को दिल्ली के सडको मे जलाया गया, उनकी मूर्तियां तोडी गयीं, लालत है ऐसी न्याय व्यवस्था पर ऐसी तत्वों को हमलोग मुँहतोड़ जवाब देगें। इस श्रद्धाजंलि सभा में मुख्य रूप से मुस्तकीम अंसारी,अशरेश तुरी, शुकदेव वर्मा, सागीर अंसारी, नरेश दास, हरिहर राम, बद्री राम, लम्बोदर तुरी, नारायण तुरी, कमरुल अंसारी, सलामत अंसारी, रविदास टोला के सभी महिला पुरुष उपस्थित हुए

## बाराडीह पंचायत में आपका सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया

**अपेम लाइव : बिरनी**
**( गिरीडीह)**
**सब्बा अहमद**



आयोजन में उपस्थित रहे बिरनी अधिकारी

बिरनी प्रखंड अंतर्गत बाराडीह पंचायत में सोमवार को आपकी अधीक, आपका सरकार, आपके द्वार किया आयोजन किया गया। जिसमें इस आयोजन का उद्धघाटन दिप प्रज्जलित कर दिया गया। जिसमें उपस्थित रहे बिरनी अंचल अधिकारी अशोक राम,विकास पदिअधिकारी सुनील वर्मा बिरनी पुलिस औऱ बाराडीह पंचायत के मुखिया आदि लोग उप. स्थित रहे हैं। जिसमें बा. राडीह पंचायत के सभी गांवों के लोग ने आवेदन किया। जिसमें बाराडीह पंचायत में काफी संख्या में भीड़ देखने को मिला। वही ज्यादा से ज्यादा लोगो ने आवेदन किया।

APEM LIVE

## जुगरा गांव में बाबा साहब की पुण्यतिथि पर बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


पुस्तक वितरण करते

बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत चेपा कला पंचायत के जुगरा गांव में विश्वरत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 65 वा परिनिर्वाण दिवस मनाया गया । इस कार्यक्रम में अतिथि कामेश्वर कुमार दास के द्वारा उपस्थित 100 बच्चों के बीच कॉपी, कलम, पेंसिल डायरी, जनरल नॉंलेज, इत्यादि वितरण किया गया। साथ ही पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कृष्णा राम ने कहा आज हमें सभी तरह के कार्यो के हक अधिकार अगर दिए हैं, तो वह बाबा का देन है। आज हमें इनके बताए हुए मार्गो पर चलने की आवश्यकता है । और हमारा समाज और देश तभी मजबूत होगा जब हम हर तरह का डिग्री पढ़ाई-लिखाई करके प्राप्त करेंगे । कामेश्वर कुमार दास ने कहा कि दलित समुदाय को सीटो में आरक्षण और अधिकार देने का साथ साथ छुवाछुत समाप्त करने की बात बाबा साहेब का कड़ी आंदोलन किये थे । मौके पर उप. स्थित पूर्व पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, सोनी देवी, राधा देवी, अंजू देवी, अजय कुमार, पुतल कुमार दास, करण शेखर सागर कुमार, चिरंजीवी शेखर, बादल रंजन, रंजित तुरी, नागों राम, मिठू महतो, खुशलाल साव, भुनेश्वर प्रजापति, विकास साव, शम्भू साव, अमरजीत रविदास, बुधन भुईया ।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ, पहले मैच में पोटांगा ने सिंदवारी 2 गोल से हराया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


उद्घाटन समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि डीएसपी एवं अन्य

बड़कागांव हाई स्कूल मैदान में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे की अध्यक्षता में की गई। फुटबॉल टूर्नामेंट का संचालन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम साहू के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि बड़कागांव एसडीपीओ अमित कुमार सिंह के द्वारा किक मारकर किया गया। एसडीपीओ अमित कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से ही देखना चाहिए। खेल के मैदान में ईर्ष्या और द्वेष पनपना नहीं चाहिए, साथ ही प्रखंड के खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में प्रखंड के सभी 23 पंचायत की टीम भाग ली है। मैच की कमेंट्री पत्रकार रितेश ठाकुर एवं विनोद यादव ने किया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन 12 टीम के बीच आयोजन किया गया जिसमें प्रथम मैच सिंदूवारी बनाम पोटांगा के बीच खेला गया। पोटांगा 2 - 0 से सिंदूवारी को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। वहीं आज बड़कागांव मध्य बनाम चोपदार बलिया, बड़कागांव पूर्वी बनाम नयाटांड, कांड. तरी बनाम हरली, सांढ़ बनाम बादम, चंदौल बनाम गोंदलपुरा एवं महुगांई कला बनाम बाई खेला जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, बीईईओ घनश्याम साहू, प्रमुख प्रतिनिधि कोलेश्वर गंझु, बासमती देवी, मोहन महतो, शंकर राम, मुनेश राम, विनोद यादव, श्रीकांत निराला, सहेश कुमार, कैलाश राणा एवं रेफरी के रूप में अमित शर्मा, अनिल कुमार दास और विरेंद्र दास मुख्य रूप से शामिल थे।

## जिप अध्यक्ष सुशीला देवी ने योजनाओं का शिलान्यास किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


शिलान्यास के मौके पर शामिल लोग

सुशीला देवी प्रधान कार्यकारी समिति जिला परिषद ने बड्कागाव में कई योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें बड्कागाव मध्य के बड़कागांव तूरीटोला में घर घर जल नल, बड्कागाव राणा मुहल्ला में बजरंगबली मंदिर से गणेश राम के घर तक स्लेप सहित नाली निर्माण एवं पिपराटोला के पिपरावा नदी में श्मशान शेड एवं शव दाह का निर्माण, चेपाकला पंचायत के जुगारा उच्च विद्यालय के पहुँचपथ का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर अशोक राम ,भीम राणा महेश पासवान, लक्ष्मण राणा, गौतम वर्मा, विशेषवर महतो , अशेशवर राम, लक्ष्मण महतो कृष्णा महतो, पवन कुमार, इन्द्रनाथ महतो, मुरली महतो, एतवरीया देवी, सरजू महतो, किरण देवी, बालेश्वर साव, अमित सिंह , तापेश्वर साव, नरेश साव, केदार साव, तिरपाल साव, राकेश कुमार के अलावे कई उपस्थित थे ।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## ससुरालवालों के प्रताड़ना से नवविवाहिता की मानसिक स्थिति बिगड़ी, दर दर ठोकर खाने को मजबूर

### तीन वर्ष पूर्व घर वालो के खिलाफ जाकर की थी प्रेम विवाह

**अपेम लाइवः बरही**

20 वर्षीय युवती सीमा कुमारी को प्रेम विवाह करना महंगा पड़ा। आज वही सीमा कुमारी की मानसिक स्थिति खराब हो गई है। वह दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर है। फिलहाल युवती बरही अनुमंडलीय अस्पताल में इलाजरत है। बरही पुलिस उन्हें टोल प्लाजा से उठाकर अस्पताल में भर्ती कराई थी। तब से यहीं अस्पताल के देख रेखबमे है। पुलिस उनके परिजन तक सूचना दे दी है। युवती का मायका जुगुडीह इटखोरी है। जबकि ससुराल परसौनी राजपुर थाना है। सीमा कुमारी ने 14 मई 2017 को योगेश्वर यादव पिता हीरामन यादव अरमेदाक परसौनी थाना राजपुर निवासी से प्रेम विवाह कर अपने घर वालो के खिलाफ जाकर शादी रचा ली थी। तीन साल तक सब कुछ ठीक ठाक रहा। लेकिन इसके बाद इनके ससुरालवालों ने इसे दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। हमेशा इनके साथ मारपीट होने लगा, इसका पति भी इसके साथ मारपीट करने लगा। पति मुंबई में काम करता है। 6 माह पूर्व इनके ससुरालवालों ने इसको घर से निकाल दिया। लड़की दर दर की ठोकर खाने को मजबूर हो गई। जिससे लड़की का मानसिक स्थिति बिगड़ गई है।



अस्पताल में इलाजरत सीमा कुमारी

## सड़क दुर्घटना में राजद नेता बराबागी निवासी इन्द्रदेव दाँगी की मौत

### गांव में पसरा सन्नाटा,परिजनों का रो रो कर हुआ बुरा हाल

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

प्रखंड के बाराबागी गांव के नौजवान युवक इंद्रदेव दांगी(इन्द्रू) को एक सड़क दुर्घटना में मौके पर ही मृत्यु हो गयी। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार बक्चुम्मा की ओर इंद्रदेव अपने घर बा. राबागी लौटने के क्रम में बक्चुम्मा और बराबागी के बीच में हरिजन टोला के समीप बाइक प०ल से टकरा गया जिसके कारण युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।मृत युवक राजद के पंचायत अध्यक्ष बताया जा रहा है। दुर्घटना के बाद पूरे गांव में सोक की लहर है।इन्द्रदेव की मौत पर सूबे के श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने शोक व्यक्त किया हैं।मंत्री भोक्ता ने कहा कि पार्टी के एक जुझारू नेता को आज खो दिया।उन्हेंने इस दुःख की घड़ी में परिवार के साथ होने की बात कहि वही राजद कार्यकर्ताओ और नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।इंद्रदेव मूल रूप से पीतीज का निवासी था जो बाराबागी में भी घर बनाया था।



इंद्रदेव दांगी ( मृतक)




## बरही पश्चमी के भावी जीप उम्मीदवार सुषमा विश्वकर्मा ने चलाया जनसंपर्क अभियान


**अपेम लाइवः बरही**

बरही पश्चमी क्षेत्र के भावी जीप उम्मीदवार सुषमा विश्वकर्मा ने अपने क्षेत्र के उज्जैना पंचायत में जन. संपर्क अभियान चलाई। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि मैं चुनावी चाँद नही हूँ, जो चुनाव में दिखाई दूँगी, मैं हमेशा आपके साथ रहूँगी। एक बार मुझे सहयोग करें। वहीं उप. स्थित लोगों ने उन्हें समर्थन देने का आश्वासन भी दिया है। मोके पर चांद देवी, चंचला देवी, पुष्पा देवी, अंजू देवी, बबीता देवी, सावित्री देवी, रीना देवी, मुन्नी देवी, सोनी देवी, बबिता देवी, गुड़िया देवी, द्रौपदी देवी एवं रेखा देवी मौजूद थे।



जनसंपर्क चलाती सुषमा विश्वकर्मा




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह

कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## झारखंड कि हेमंत सरकार दम तोड़ चुकी हैं अब खुन का सौदा कर रही है रामचन्द्र चौधरी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा झारखंड सरकार द्वारा खून की कीमत तय करने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के तत्वधान में प्रखण्ड मुख्यालय के सामने मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी के नेतृत्व में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का पुतला फूंका गया और जोरदार नारेबाजी की गई। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने बताया कि हेमंत सरकार के अंदर मानवीय संवेदना दम तोड़ चुकी है मुफ्त कफन बांटने, युवाओं पर लाठियां बरसाने और खनिज संपदा की लूट के बाद अब झारखंड सरकार खून का कारोबार भी करेगी देश के सभी राज्यों में गैर सरक. ारी अस्पतालों में इलाज करा रहे गरीब मरीजों को पहले ब्लड बैंक से निशुल्क ब्लड मुहैया कराया जाता था पर अब इन मरीजों को प्रति यूनिट 1050 रूपया की दर से प्रोसेसिंग चार्ज देना होगा । सरकार के इस आदेश से रक्तदाता भी हतोत्साहित और अपने आप ठगा महसूस कर रहे हैं। झारखंड में इस संवेदनहीन गठबंधन सरकार का भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा पुरजोर विरोध करती है और इसे अविलंब वापस लेने की मांग करती है पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरकटठा मंडल अध्यक्ष जिवन यादव बेडोकला मंडल अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, किसान मोर्चा अध्यक्ष छोटे लाल प्रसाद, उपाध्यक्ष बन्धु साव, बासुदेव यादव, इम्तियाज अंसारी उपस्थित थे ।

## चरही में प्रींस होटल का किया गया विधिवत उद्घाटन

**अपेम लाइव :चरही**
**अरविन्द टुडू**




चरही घांटो मोड मुख्य चौक के समीप सोमवार को प्रिंस फैमली होटल का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रमुख अनुक्षी देवी ने फीता काट्कर विधिवत तरीके से उद्घाटन किया गया। होटल संचालक रवी करमाली ने बताया कि इस होटल में सभी प्रकार के स्वादिष्ट मिठाई, आधुनिक तकनीक से निर्मित मिठाई व अन्य समान बनाया जाएगा। ग्राहकों का पूरा ख्याल रखा जायेगा साथ ही लजीज व बेजतर तरीके से ग्राहकों को सुविधा मुहैया करवाया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि किशुन महतो,बासुदेव करमाली, रामचरण करमाली, बिश्वनाथ महतो, ओम सिन्हा, नर्सिंग राय, रमेश करमाली, निरंजन महतो सहित कई लोग शामिल थे।

## दशरथ महतो ने किया 80 कंबल का वितरण

**अपेम लाइव : चूरचू**
**अरविन्द टुडू**

चुरचू प्रखण्ड के इंदरा पंचायत मुखिया दशरथ महतो ने अपने पंचायत के 80 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने लाचार, गरीब और जरूरतमंद महिला/पुरुष बुजुर्गो के बीच कंबल का वितरण किया। मुखिया दशरथ महतो ने कहा कि आगे भी वैसे लोग जो ठंड से प्रभावित हो रहे हैं और अपने से कंबल खरीद नहीं सकते उनके बीच कंबल वितरित के लिए तत्पर रहूंगा। श्री महतो ने कहा कि छुटे हुए लाचार असहाय लोगों को आपके-अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में वितरण किया जाएगा। साथ ही पंचायत में अलाव का भी व्यवस्था किया जाएगा। वितरण समाहरोह में इन्दरा वार्ड सदस्य फागू सोरेन, प्रकाश सोनी, चुन्की देवी,मरजीना प्रवीण, रे. हाना खातून सालखो देवी सहित कई लोग शामिल थे।



कम्बल वितरण करते दशरथ माहतो

## बाबा साहब की 65वी पुण्य तिथि मनाई गई

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड स्थित दुर्गा मन्दिर धर्मशाला में बाबा साहब की 65 वी पुण्य तिथि भीम आर्मी के सदस्यों ने मनाई.जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चंदवारा जीप सदस्य महादेव राम एवं भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष बिरजु कुमार उपस्थित थे.सर्वप्रथम लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किये . वहीं लोगों को संबोधित करते हुए महादेव राम ने कहा कि बाबा साहब की केवल पुण्य तिथि हमलोगों को मनाने से लोग नहीं जागेंगे, इनकी मिशन व कारवां को जन जन तक पहुंचाना होगा .वहां बिरजु कुमार ने कहा कि आज के दिन हमलोगों के लिये काला दिन के रूप है, बाबा साहब आज ही के दिन हमलोगों को छोड़कर चल बसे थे. साथ ही लोगों को पंचायत समिति सदस्य द्वारिका पासवान, माले नेता शेर मोहम्मद, भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार दास, छोटी दास एवं अर्जुन तुरी ने भी संबोधित किया. मौके पर पीताम्बर दास, नारायण दास, रामसेवक पा. सवान, छोटी दास, पप्पु दास, मनमोहन दास, कुलदीप दास, रमेश भुइयां, मनोज रजक, मनोज दास, प्रदीप दास, नागेश्वर दास, लखन दास, अजय पासवान, अशोक पा. सवान, श्यामदेव पासवान, रो. हित कुमार,चिंता देवी(वार्ड सदस्य),निर्मल दास समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए



बरकट्ठा बाबा साहब की पुण्यतिथि मनाते लोग

## विजैया पंचायत के मुखिया के पिता का निधन पर जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने किया शोक व्यक्त

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड़ अंतर्गत विजैया पंचायत के मुखिया दशरथ यादव के पिता का बीते दिन निधन हो गया। इस दुःखद खबर की सूचना मिलते ही बरही पूर्वी के जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने मृत परिवार के परि. जनों से मिलकर उनका ढाँढस बंधाया। साथ ही उन्होंने कहा कि स्व चमन माहतो अपने पंचायत के सच्चे सिपाही थे। जिन्होंने हमेशा सभी समुदायों को साथ लेकर चलते थे। मैं इनका निधन से काफी मर्माहत हुँ। मोके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि देवलाल कुशवाहा, कांति देवी, समाजसेवी रघु मोदी, उप मुखिया सहदेव शर्मा, युगल यादव, उमेश दास, चंद्रिका प्रसाद, मुंशी यादव, देवलाल यादव, बैजनाथ यादव, मो सलामत, मो मंजूर, संजय यादव, रोहित यादव, यादव रंजन, किशोर यादव एवं पवन यादव शामिल थे।




मृतक के परिजनों को ढाँढस बंधाते मो क्यूम

## सैनिक स्कूल तिलैया के प्राचार्य के खिलाफ मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को छठे दिनभी जारी, 13 दिसम्बर को होगा विशाल जनसभा

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**




धरना पर बैठे जनप्रतिनिधिगण व मजदूर

सैनिक स्कूल तिलैया के प्राचार्य के खिलाफ मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को छठे दिन भी जारी रहा। धरना में पूर्ववत आठ सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया। मौके पर तय किया गया की सैनिक स्कूल प्राचार्य के हठ्धर्मिता के कारण मजदूरों की समस्या का समधान नहीं हो पा रहा है। इस लिए बाध्य होकर दिनांक 13 दिसम्बर को समय 11.00 बाजे पूर्वाहन एक विशाल जन सभा का आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता प्रोफेसर परमेश्वर यादव व संचालन युवा नेता कैलाश राम ने किया। मौके पर जिप सदस्य महादेव राम, युवा नेता सुधाकर यादव, विधायक प्रति. निधि सरजू वर्मा, सांसद प्रति. निधि रामलखन यादव, सांसद प्रतिनिधि मनोज साव, झामुमो नेता स्यामदेव यादव, युवा नेता कृष्णा यादव, बड़की धामाराय पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि किशोर यादव, पंचायत समिति सदस्य महेश वर्मा, कांटी पंचायत मुखिया रमेश प्रसाद, झामुमो नेता अनिल वर्णवाल, नन्हू यादव, विकास कुमार दास, सन्नी यादव, संतोष यादव, संघ के अध्यक्ष जग्रनाथ सोनकर, सचिव गोपाल रजक, उदय राणा, राजेश राणा, प्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार
सहयोगीः सोनू पंडित,
एडिटिंग- धनंजय कुमार
मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार